रणजीत टाइम्स
इंदौर
शनिवार, 3 जनवरी, 2026
वर्ष 02 | अंक 06 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे




## इंदौर में पानी नहीं, जहर बांटा...राहुल गांधी का हमला, भाजपा नेताओं को बताया घमंडी

भागीरथपुरा में गंदे पानी से मरने वालों की संख्या बढ़कर अब 15 हो गई है। गुरुवार को 338 नए मरीज मिले हैं, जिनमें 32 आईसीयू में गंभीर अवस्था में हैं। इस मामले में कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इंदौर में आम आदमी को पानी नहीं जहर बांटा गया है। प्रशासन कुंभकर्ण की नींद सो रहा है।मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर टिप्पणी करते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि घर-घर परेशानी है। गरीब पीड़ा में है, लेकिन बीजेपी के नेता घमंड में चूर हैं। उन्होंने लिखा कि इंदौर में पानी नहीं, जहर बंटा और प्रशासन कुंभकर्णी नींद में रहा। घर-घर मातम है, गरीब बेबस हैं और ऊपर से BJP नेताओं के अहंकारी बयान। जिनके घरों में चूल्हा बुझा है, उन्हें सांत्वना चाहिए थी; सरकार ने घमंड परोस दिया। लोगों ने बार-बार गंदे, बदबूदार पानी की शिकायत की,

सीवर पीने के पानी में कैसे मिला? समय रहते सप्लाई बंद क्यों नहीं हुई? जिम्मेदार अफसरों और नेताओं पर कार्रवाई कब होगी? ये 'फोकट' सवाल नहीं है। ये जवाबदेही की मांग है। साफ पानी एहसान नहीं, जीवन का अधिकार है। इस अधिकार की हत्या के लिए BJP का डबल इंजन, उसका लापरवाह प्रशासन और संवेदनहीन नेतृत्व पूरी तरह जिम्मेदार है। मध्यप्रदेश अब कुप्रशासन का एपिसेंटर बन चुका है। कहीं खांसी की सिरप से मौतें, कहीं सरकारी अस्पताल में बच्चों की जान लेने वाले चूहे और अब सीवर मिला पानी पीकर मौतें।

# भागीरथपुरा में मंत्री बोले

## कार्यकर्ता मदद करेंगे,मंत्री के गुर्गे लोगों को धमका रहे है!


## क्यों रोका जा रहा है बोलने से ....यह हैं हमारा प्रजातंत्र ?

इंदौर। गुरुवार को कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मरीजों से मिलेंगे और उन्हें नारियल व अन्य जरूरत का सामान भी देंगे, लेकिन दूसरी ओर उन्हीं के समर्थक भागीरथपुरा में रहवासियों को समस्या बताने से भी रोक रहे हैं। मीडिया से बात करने पर उन्हें धमका रहे हैं कि समस्या का निराकरण हमसे चाहते हो या नहीं। गुरुवार को आकाश विजयवर्गीय पार्षद कमल वाघेला के कार्यालय पर पहुंचे। इस दौरान 25 दिसंबर को दूषित पानी के कारण मौत का शिकार हुए संतोष बिगोलिया के स्वजन उनसे मुलाकात करने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार के सदस्य की मौत दूषित पानी के कारण हुई है, लेकिन कोई मान नहीं रही है। इस पर उन्होंने प्रशासन की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता की मांग की। इसके बाद जब मीडिया मृतक के बेटे शुभम और बहू से चर्चा कर रही थी।

### 'आपकी समस्या का निराकरण हमसे चाहते हैं या मीडिया से'

तभी भाजपा कार्यकर्ता चंदन सिंह बैस वहां आया और परिवार को कहने लगा कि आपकी समस्या का निराकरण हमसे चाहते हो या फिर मीडिया से। इसके अलावा कई ओर परिवार भी है, जिन्हें इसी प्रकार कहा जा रहा है। इससे साफ लगता है कि मामले को दबाने के लिए लोगों को बात करने से रोका जा रहा है। यह मामला चर्चाओं में बना हुआ है।

### छह माह के अव्यान के माता-पिता ने आर्थिक मदद लेने से इंकार किया




भागीरथपुरा में गुरुवार को मंत्री विजयवर्गीय जब मृतकों के स्वजन से मिलने पहुंचे तो उन्हें रहवासियों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। मंत्री के अलावा उनके समर्थक जब आठ मृतकों के स्वजन को आर्थिक मदद के चेक देने पहुंचे तो छह माह के अव्यान के माता-पिता ने मदद लेने से इंकार कर दिया। अव्यान के गमगीन माता-पिता बोले कि हमारा बच्चा दस साल की मन्नत के बाद जन्मा था। अब हमें कोई आर्थिक मदद नहीं चाहिए। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री मृतिका उर्मिला यादव के घर पहुंचे तो उन्होंने सहायता राशि लेने से मना कर दिया और कहा कि नहीं चाहिए हमें कोई राशि। बाद में समझाइश के बाद उन्होंने ले ली। स्वजन ने बताया कि मृतिका के बेटे और बहू दोनों अभी अस्पताल में भर्ती है। वहीं, निधि यादव गोद में बच्चा लेकर पहुंची। उसने कहा कि मेरी 70 साल की सास सात दिन से अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी किडनी फेल हो गई है। उनको कुछ हो गया तो कौन जिम्मेदार होगा? अस्पताल वाले स्लिप देकर पैसे मांग रहे हैं। हमारे पेट में दर्द है, फिर भी बच्चे लेकर दौड़ रहे हैं। मंत्री से मिलने गए तो उनके लोगों ने मिलने भी नहीं दिया। महिला को मंत्री से मिलने नहीं दिया।

### अपनों को खोने का गम, पीड़ितों को धमका रहे नेता

»» **1. गम...पत्नी बेहोश, अरविंद की मां बोली- बेटा लौटा दो** अरविंद के घर में दो बेटे, एक बेटी, पत्नी और माता-पिता हैं।

# बच्चों के चहुंमुखी विकास में सहजयोग की भूमिका विश्व भर में प्रमाणित है

**सहजयोग ध्यान द्वारा विश्व भर में अनेकानेक लोगों ने मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को प्राप्त किया है। सहजयोग पद्धति द्वारा लोगों के समाजिक व आध्यात्मिक उत्थान के भी अनेक उदाहरण उपलब्ध हैं ।**

## प्रश्न उठता है सहजयोग क्या है?

सहजयोग श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रति- स्थापित एक सहज ध्यान पद्धति है जिसमें कुण्डलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति होती है। तत्पश्चात् नियमित ध्यान- धारणा द्वारा मानव शरीर में स्थित चक्रों व नाड़ियों को संतुलन प्राप्त होता है। यही संतुलन हमें अर्थ अन्तर्परिवर्तन की ओर अग्रसर करता है। शनैः शनैः बिना किसी बाहरी दबाव व प्रेरणा के 'हमारे विचारों, जीवन मूल्यों, में परिवर्तन आने लगता है, सही व गलत स्वयं ही सहज में हमारे समक्ष प्रकट होने लगता है। जैसे-जैसे हम सहजयोग में दृढ़ होते जाते हैं सारे प्रेम व आनन्द के मायने बदलते जाते हैं। माया जो कि जीवन में अभाव का दूसरा नाम है हमें प्रभावित नहीं कर पाती। आत्मा का ज्ञान ज्यों ही हमारी मध्य




नाड़ी तंत्र को प्रकाशित करता है व हमारी शाश्वत शक्ति, कुण्डलिनी ब्रह्मरंध्र का भेदन करती है तो हमारा संबंध चैतन्य के रूप में प्रवाहित परम पिता की ऊर्जा से हो जाता है। अतः सहजयोग ऊर्जा का विज्ञान है। सहजयोग आत्मा के परमात्मा से लय होने की प्रक्रिया है। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की प्राप्ति इस प्रक्रिया का सह उत्पाद है। आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने की कोई आयु नहीं होती और इसमें सांसारिक जीवन का त्याग नहीं होता है। यदि सहजयोग का परिचय बालपन में ही दिया जाए तो बच्चों का चहुंमुखी विकास सहज ही में हो जाता है। वे एकाग्रता, अनुशासन, तीव्र स्मरणशक्ति, व शैक्षणिक व व्यवसायिक सफलता को सहज ही में प्राप्त करने योग्य बन जाते हैं। किसी भी परिस्थिति में अनैतिकता उन्हें छू भी नहीं पाती क्योंकि स्वयं पावित्र्य के प्रतीक श्री गणेश आत्मसाक्षात्कार के पश्चात् उनके भीतर जागृत हो जाते हैं।

इस प्रकार सहजयोग प्रत्येक आयु वर्ग, प्रत्येक धर्म तथा महिला व पुरुष दोनों के लिए परमशक्ति से एकाकारिता का अनमोल माध्यम है। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है। सहजयोग से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18002700800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# इंदौरः श्री 1008 वट वृक्ष वीर हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन संपन्न



**सह संपादक -दीपक वाड़ेकर**

**स्थानीय क्षेत्र के आध्यात्मिक केंद्र श्री 1008 वट वृक्ष वीर हनुमान मंदिर (अरंडिया, पनोड़, बाल्या खेड़ा) में आज, 2 जनवरी 2026 को विशाल भंडारे का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।**

**शुक्रवार को आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। मंदिर परिसर में 'जय श्री राम' और 'जय बजरंग' के नारों के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।**

## मुख्य आकर्षणः

**महाप्रसादः** शाम से ही प्रभु इच्छा तक भक्तों के लिए महाप्रसाद का वितरण चलता रहा।

**स्थानः** यह आयोजन डी एल एफ Serenity सिल्वर पार्क के पास स्थित हनुमान धाम परिसर में किया गया।

**भक्ति भावः** हनुमान जी के दर्शन के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने भंडारे में सेवा भाव के साथ सहभागिता की। आयोजकों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी भक्तों और सेवादारों का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में सकारात्मकता और सामुदायिक एकता को बढ़ावा मिलता है।

# अंबेडकर की तस्वीर जलाने के मामले में बसपा का जन-आंदोलन, हजारों कार्यकर्ता सड़कों पर

## एनएसए की कार्यवाही को लेकर कलेक्ट्रेट में दिया आवेदन



**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर :- संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर जलाने की घटना को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस मामले में आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को बसपा कार्यकर्ता हजारों की संख्या में सड़कों पर उतरे। बसपा कार्यकर्ताओं ने शहर में करीब 5 किलोमीटर लंबा पैदल मार्च निकालते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर ग्वालियर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अनिल मिश्रा, गौरव व्यास सहित पांच अन्य आरोपियों पर एनएसए के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। बसपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का कहना है कि बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर जलाना केवल एक व्यक्ति विशेष का अपमान नहीं, बल्कि संविधान और सामाजिक न्याय पर सीधा हमला है। इस तरह की घटनाएं समाज में तनाव फैलाने का कार्य करती हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही एनएसए के तहत कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती के निर्देश पर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन द्वारा पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

# कलेक्टर ने एसडीएम कोर्ट पेटलावद एवं मेघनगर का किया निरीक्षण

### राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण के दिए निर्देश

झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने गुरुवार को एसडीएम कोर्ट पेटलावद एवं शुक्रवार को एसडीएम कोर्ट मेघनगर का निरीक्षण कर न्यायालयों में प्रचलित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने न्यायालयों में लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए उनकी वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को आवश्यक कार्यवाही हेतु भू-अभिलेख शाखा को समय पर प्रेषित किया जाए। इसके साथ ही फौजदारी प्रकरणों में सूचना पत्र तामिली की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित थानों से समन्वय स्थापित कर तामिली सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।



इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण से संबंधित लंबित राजस्व प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों के रोस्टर तैयार किए जाएं तथा उनके नियमित निरीक्षण किए जाएं, जिससे न्यायिक कार्य प्रणाली अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बन सके। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में, त्वरित, समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक विलंब एवं असुविधा का सामना न करना पड़े।

## मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्टार्टअप को प्रति माह 10 हजार रुपये तक की सहायत

**सलीम हुसैन**

झाबुआ मध्यप्रदेश शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 24 फरवरी 2025 के बाद स्थापित होने वाले पात्र स्टार्टअप को मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति 2025 अंतर्गत रू. 10000/- प्रतिमाह की दर से 12 माह तक सहायता दी जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में पात्र स्टार्टअप को बैंक से ऋण प्राप्त करने पर 5% का ब्याज अनुदान एवं 15 प्रतिशत अधिकतम रू. 15 लाख तक की सहायता दी जा रही है। उक्त सहायता हेतु जिला व्यापार एवं उद्यो ग केंद्र झाबुआ में संपर्क सूत्र प्रबंधक श्रीमती जया परमार 9074287121 एवं सहायक प्रबंधक श्री संजीव कुमार जैन 9229578170 से संपर्क किया जा सकता है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने हेतु 11 एवं 12 जनवरी 2026 को रविन्द्र भवन भोपाल में मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड 2026 कार्यक्रम किया जा रहा है। उक्त सहायता एवं कार्यक्रम में भागीदारी हेतु इच्छुक स्टार्टअप startup.mp.gov.in पोर्टल पर आवेदन कर पंजीयन कर सकते हैं।

# विधायक कप पिछोर रोमांचक मैच में झांसी ने ग्वालियर को आठ रनों से हराया

### विधायक प्रीतम सिंह लोधी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष जशवंत जाटव नें फीता काटकर मैच का किया शुभारम्भ

**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) माधवीराजे सिंधिया की पुण्य स्मृति में अखिल भारतीय विधायक कप राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 2 जनवरी शुक्रवार को विधायक प्रीतम सिंह लोधी तथा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव द्वारा छत्रसाल स्टेडियम में फीता काटकर किया गया! इस मौके पर अनिल मिश्रा निज सहायक (सिंधिया जी), विधायक प्रतिनिधि एवं टूर्नामेंट प्रभारी सुनील लोधी, सौरभ पाठक,गौरव मिश्रा,आशीष चौधरी, करण सिंह लोधी, जगदीश प्रसाद शर्मा, सतीश शर्मा, कपूर लोधी, आदि उपस्थित थे! विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि पिछोर में यहां बहुत अच्छे-अच्छे खिलाड़ी इस ग्राउंड पर आप लोगों को खेलते हुए दिखेंगे,जिससे नये युवा लोगों को भी इसका अनुभव सीखने को मिलेगा हमारी जो युवा पीढ़ी आगे आने वाली है उनके लिए यह मैच बहुत कुछ सिखाएंगे उन्होंने कहा यहां खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग जी,छोटे महाराज महा आर्यमन सिंधिया जी भी इस स्टेडियम में आप लोगों के बीच उपस्थित होंगे, यहाँ एक अच्छे स्टेडियम की सौगात भी मिलने वाली है! भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने विधायक की तारीफ करते हुए कहा कि विधायक साहब को में धन्यवाद देना चाहता हूं और आभार व्यक्त करता हूं कि पिछली बार भी उन्होंने एक भव्य, दिव्य तथा विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया था उन्होंने कहा क्रिकेट आज मैच नहीं हमारे युवाओं का मौशन बन चुका है,आप जहां भी देखेंगे आपको क्रिकेट दिखाई देगा उन्होंने कहा कि 5 तारीख को इस स्टेडियम में महाराज आर्यमन सिंधिया जी आप लोगों के बीच आएंगे आप लोगों से




मिलेंगे! इस दौरान दोनों टीमों से विधायक एवं जिला अध्यक्ष द्वारा परिचय किया गया था दोनों टीमों के बीच टॉस फेंका गया जहां झांसी तथा ग्वालियर के बीच झांसी नें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया टूर्नामेंट का यह पहला मैच 16 -16 ओवर का खेला गया जहाँ झांसी की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 16 ओवर में कुल 118 रन बनाए, जिसमें बैटिंग करते हुए लक्ष्मीनारायण ने सर्वाधिक 33 रनों की पारी खेली, तथा दूसरी ओर ग्वालियर टीम की तरफ से विक्रांत भदोरिया द्वारा सर्वाधिक चार विकेट झटके,झाँसी की ओर से पहली पारी समाप्ति के पश्चात ग्वालियर की टीम खेलने को उतरी जहां बल्लेबाजी करते हुए ग्वालियर की टीम मात्र 111 रन पर ही ढेर हो गई, और आठ रनों से टीम पराजित हुई मैन ऑफ द मैच अमित को दिया गया! टूर्नामेंट की कोमेंट्री मनदीप तिवारी,राकेश शर्मा तथा मातादीन लोधी द्वारा की गई, स्कोरर का कार्य नौशाद वैग तथा विकास कोली द्वारा किया गया वहीं अंपायर के रूप में मुन्ना खान तथा अटल तिवारी द्वारा अच्छी अंपायरिंग की गई!

# नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित



## जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्षों को सौंपी नामावली चतुर्थ चरण के लिए लाम बंद होने के लिए दिए निर्देश

झाबुआः आज जिला कांग्रेस द्वारा प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात तीन चरण पूर्ण होने पर चौथे चरण के दावे आपत्तियों एवं 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओ के नाम जुड़वाने व त्रुटि सुधार संशोधन के लिए जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्षों को नामावलियों के गहन पुनरीक्षण के लिए क्षेत्र वार नामावलिया सुपुर्द की गई व विधानसभा पेटलावद के 48 झाबुआ विधानसभा के 50 थांदला विधानसभा के 34 बड़े हुए मतदान केंद्र पर पार्टी के बी एल ए नियुक्त करने के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए गए इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि जिला निर्वाचन के सक्षम अधिकारी द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं समस्त अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्र के बी एल ए को सक्रिय करें ताकि मतदाता का नाम नामावली से कटे नहीं व मतदान करने से वंचित नहीं रह पाए इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता साबिर फिटवेल ब्लॉक अध्यक्ष यामीन शेख शक्ति सिंह राठौर सलीम शेख चैन सिंह डामोर सतीश अजनार माजू सिंह डामोर खून सिंह गुंडीया गुल सिंह अमलियार सुरेंद्र गरवाल गोवर्धन भूरिया राकेश डामोर पार सिंह डिंडोर काना गुडिया डॉ दिनेश गाहरी सुभाष चंद्र शौकत अली सहित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गण एवं कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# थाना पिपरई की त्वरित कार्यवाही, मात्र 04 घंटे में हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार



**गोलू यादव**

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं समस्त चौकी प्रभारियों को गंभीर अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि थाना पिपरई अंतर्गत दिनांक 01.01.2026 को कल्लू पुत्र नत्थू अहिरवार, निवासी पिपरई के साथ जगदीश कोरी, प्रेमनारायण कोरी एवं सर्जन कटारिया, निवासी बांसखेड़ी द्वारा मारपीट की गई थी। उक्त घटना में गंभीर रूप से घायल कल्लू अहिरवार की दिनांक 02.01.2026 को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी जिसपर से थाना पिपरई में अपराध क्रमांक 01/26 धारा 103(1), 296 (बी), 3 (5) बीएनएस एवं 3 (1) (द), 3(1) (ध), 3(2) (व्ही) एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा को तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में दिनांक 02.01.2026 को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मुंगावली श्रीमती सनम बी. खान के मार्गदर्शन में थाना पिपरई पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 04 घंटे के भीतर प्रकरण के तीनों आरोपियों प्रेमनारायण पुत्र परसादी लाल कोरी उम्र 65 साल, जगदीश पुत्र प्रेमनारायण कोरी उम्र 28 साल निवासी पिपरई एवं सर्जन सिंह पुत्र भान सिंह कटारिया उम्र 26 साल निवासी ग्राम बांसखेडी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा गंभीर अपराधों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# लोक सेवा गारण्टी के तहत सेवाएं तय समय-सीमा में देना सुनिश्चित करें- कलेक्टर



**प्रदीप सिंह बघेल**

**शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह नें समय-सीमा की बैठक में लोग सेवा गारण्टी अधिनियम के तहत सिटीजन चार्टर के तहत निर्धारित समय-सीमा में दी जाने वाली चिन्हित सेवाओं के आवेदनों का निराकरण करनें के निर्देश अधिकारियों को दिए।**

साथ ही समाधान एक दिवस के तहत प्राप्त आवेदनों का भी निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के तहत दी जाने वाली सेवाओं की विभागवार समीक्षा भी की। आपने यह भी निर्देश दिए कि समाधान ऑनलाईन अंतर्गत जिन विभागों की जिन सेवाओं की समीक्षा की जानी है, उन सेवाओं से संबंधित लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समय पर न्यायालय में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जयसिंहनगर काजोल सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेघनगर में "पटरी की पाठशाला" एवं "हमारी सवारी-भरोसे वाली" का शुभारंभ

### कलेक्टर नेहा मीना एवं एसपी रेलवे पद्म विलोचन शुक्ल की गरिमामयी उपस्थिति

**सलीम हुसैन**

झाबुआ - कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे इंदौर पद्म विलोचन शुक्ल ने आज मेघनगर में शासकीय रेलवे पुलिस के तत्वावधान में आयोजित "पटरी की पाठशाला" एवं "हमारी सवारी–भरोसे वाली" योजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थितजनों द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर नेहा मीना का गर्मजोशी से ढोल मांदल की थाप पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर नेहा मीना एवं एसपी रेलवे पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर समाज सुधार संगठन के श्यामा ताहेड व सदस्यों द्वारा अतिथियों का पगड़ी पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत भी किया गया। महिला एवं यात्री सुरक्षा को सशक्त बनाने वाली पहल – कलेक्टर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि इस प्रकार की अभिनव पहल के लिए आप एवं आपकी पूरी टीम बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि "हमारी सवारी–भरोसे वाली" जैसी योजना अत्यंत सराहनीय है। इस पहल के अंतर्गत यात्रा के उपरांत ऑटो पर लगे क्यूआर कोड के माध्यम से आवश्यक जानकारी आसानी से प्राप्त की जा सकेगी, जिसे परिवारजनों के साथ भी साझा किया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि यह नवाचार प्रत्येक स्टेशन पर लागू किया




जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस दिशा में प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी शिक्षित है, अपनी संस्कृति एवं सामाजिक जिम्मेदारियों को समझती है और ऐसे सकारात्मक प्रयासों में निश्चित रूप से सहयोग करेगी।

पटरी की पाठशाला से शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता का विस्तार – एसपी रेलवे

एसपी रेलवे पद्म विलोचन शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि रेलवे स्टेशन के आसपास की बस्तियों में निवासरत बच्चों के लिए "पटरी की पाठशाला" एक अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक पहल है। इस पहल के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, नैतिक मूल्यों (मोरल वैल्यूज़), नशा मुक्ति से संबंधित जानकारी तथा अपराधों के प्रति जागरूकता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे विद्यालय नहीं जा रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जा रहा है। इस क्रम में इंदौर में 3 बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराया गया है, उज्जैन की टीम द्वारा एक दिव्यांग बच्ची का स्कूल में प्रवेश सुनिश्चित किया गया है, प्रशासन के सहयोग से दिव्यांग बच्चों को ट्राइसाइकिल भी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त महू (Mhow) में बच्चों के विद्यालय में प्रवेश के दौरान आर्मी का सहयोग प्राप्त हुआ है। इस पहल की शुरुआत अब रतलाम में भी की जा चुकी है।

### "हमारी सवारी–भरोसे वाली" से यात्रियों को सुरक्षित परिवहन

एसपी रेलवे ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए "हमारी सवारी–भरोसे वाली" योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत क्यूआर कोड के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा सत्यापित (वेरिफाइड) ऑटो चालकों को प्रदान की जाएगी, जिससे यात्रियों को सुरक्षित एवं भरोसेमंद यात्रा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि यह योजना इंदौर में 100 ऑटो के साथ प्रारंभ की गई है तथा उज्जैन, रतलाम एवं महू में भी लागू की जा चुकी है। अब झाबुआ में भी इसकी शुरुआत की जा रही है। एसपी रेलवे ने कहा कि इन पहलों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों तक शिक्षा पहुँचाने, बच्चों को अपराध से दूर रखने तथा यात्रियों की सुरक्षा को मजबूत करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। वही सेंट आर्नोल्ड स्कूल की बालिका निष्ठा द्वारा बनाई गई पेंटिंग की कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक द्वारा सराहना की गईं।

### नाटक के माध्यम से दिया गया जागरूकता का संदेश

कार्यक्रम के दौरान भामल की टीम द्वारा पटरी की पाठशाला एवं हमारी सवारी–भरोसे वाली योजनाओं की जागरूकता को लेकर सुंदर एवं प्रभावशाली नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। कार्यक्रम के अंत में मीडिया साथियो , समाज सुधार समिति के सदस्यों सुरक्षा समिति के सदस्यों को सहभागियों को प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। तो वही स्कूली बच्चों द्वारा बनाई गई ड्राईंग की एसपी शुक्ल द्वारा सराहना की गई , व गिफ्ट वितरण किये गए आभार जीआरपी थाना प्रभारी ममता अलावा द्वारा व्यक्त किया गया कार्यक्रम का संचालन पूनम शर्मा सब इंस्पेक्टर इंदौर द्वारा किया गया।

# ग्राम पंचायत चाका में हुए मतदान परिणाम घोषित



**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल रिटर्निंग आफीसर ने जानकारी दी है कि पंचायत उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) के तहत शहडोल जिले की जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत चाका में सरपंच पद हेतु मतदान परिणाम घोषित किया गया है।

मतदान परिणाम में देववती सिंह सरपंच पद के लिए निर्वाचित हुई है। विजयी प्रत्याशी देववती सिंह को 584 मत तथा निकटतम प्रत्याशी मीना सिंह को 334 मत प्राप्त हुए एवं नोटा वोट में 15 मत डाले गए है। रिटर्निंग आफीसर श्री सुमित गुर्जर ने विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र प्रदान

# शिवपुरी पुलिस का नए साल का तोहफाः 150 लोगों को लौटाए उनके गुम हुए मोबाइल, चेहरे पर लौटी मुस्कान



**गोस्वामी की रिपोर्ट**

**शिवपुरी (मध्य प्रदेश): नए साल 2026 के आगाज़ पर शिवपुरी पुलिस ने आम जनता को एक बड़ी सौगात दी है। पुलिस के साइबर सेल ने कड़ी मशक्कत के बाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से गुम हुए 150 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिन्हें आज उनके असली मालिकों को सौंप दिया गया।**

### 28 लाख की कीमत के मोबाइल बरामद

**वीडियो में जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बरामद किए गए इन 150 मोबाइलों की कुल बाज़ार कीमत लगभग 28 लाख रुपये है। उन्होंने कहा कि मोबाइल आज के समय में केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि व्यक्तिगत डेटा, फोटो और ज़रूरी दस्तावेजों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। ऐसे में मोबाइल का वापस मिलना लोगों के लिए एक बड़ी राहत है।**

### साइबर सेल की कड़ी मेहनत

पुलिस अधिकारी के अनुसार, इन मोबाइलों को ट्रैक करने के लिए साइबर सेल की टीम ने दिन-रात काम किया। मोबाइल रिकवरी की यह प्रक्रिया केवल जिले या राज्य तक सीमित नहीं रही, बल्कि पुलिस टीम ने दूसरे राज्यों (Out of State) में जाकर भी इन फोन को बरामद किया। पिछले साल का रिकॉर्ड अधिकारी ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया किः पिछले वर्ष भी लगभग 700 मोबाइल बरामद कर लौटाए गए थे। उन मोबाइलों की कुल कीमत करीब 1 करोड़ रुपये थी। पुलिस द्वारा गुम हुए सामान को खोजने का यह अभियान लगातार जारी रहता है।

### आम जनता में खुशी की लहर

अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। कई लोगों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस की तत्परता से उनका कीमती सामान उन्हें वापस मिल गया।

# प्रदेश के विकास की गति अब होगी और भी तेज: मुख्यमंत्री

## सबकी समृद्धि और खुशहाली ही है सरकार का पारितोषिक, खाचरौद को दी सांदीपनि विद्यालय और नवीन कृषि उपज मंडी की सौगात

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रदेश के 'समग्र विकास' के संकल्प के साथ काम कर रही है। हमारा मध्यप्रदेश अब विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी वर्ग या व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। विकास की बात पर हम सबका सहयोग लेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों में विकास की बयार है। विकास की यह गति अब और तेज होगी। आप सबके सेवक के रूप में वे खुद चौबीसों घंटे सातों दिन प्राण-प्रण से सेवा में जुटे हुए हैं। सबका कल्याण ही हमारा लक्ष्य है। नागरिकों की समृद्धि और खुशहाली ही हमारा पारितोषिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को उज्जैन जिले के खाचरौद में विकास कार्यों के लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खाचरौद को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने यहां 78 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत वाले पूर्ण एवं प्रस्तावित 39 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें 48 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत के 16 कार्यों का लोकार्पण एवं 30 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत वाले 23 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।




### खाचरौद में बनेगा फूड प्रोसेसिंग पार्क

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्र में बहुतायत से होने वाली हरी मटर को देश-विदेश तक पहुंचाने और अन्य सभी फसलों को भी मार्केट लिंकेज दिलाने के लिए खाचरौद में फूड प्रोसेसिंग पार्क बनाने और खिलाड़ियों के लिए नया स्टेडियम बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि खाचरौद से रतलाम को डायरेक्ट फोर लेन से जोड़ा जाएगा, जिससे खाचरौद को भी इन्दौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन एरिया की सीधी पहुंच मिल सके।

### 5 करोड़ की लागत से बनेगा फोरलेन हाई-वे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नागदा से खाचरौद से जावरा से उज्जैन होते हुए करीब 5 हजार करोड़ रुपये की लागत से नया फोरलेन हाई-वे बनाया जा रहा है। इससे पूरे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना से मालवा-निमाड़ और चंबल का पूरा क्षेत्र भरपूर सिंचाई की स्थायी सुविधा से लाभान्वित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 5 सालों में हम प्रदेश की सिंचाई क्षमता बढ़ाकर 100 लाख हेक्टेयर कृषि रकबे तक पहुंचा देंगे।

### किसान एवं कृषि से जुड़े उद्यामियों को देंगे नई दिशा और अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2026 किसानों के कल्याण का साल है। इस दौरान हमारा पूरा फोकस किसानों पर ही रहेगा। इस साल हम कृषि आधारित उद्योगों के विकास पर विशेष ध्यान देंगे, जिससे किसानों और कृषि से जुड़े उद्यमियों को नई दिशा और अवसर मिलेंगे।

# 15 मौतों का ठीकरा 'छोटों' पर...

## इंदौर निगम कमिश्नर, एडिशनल कमिश्नर को कारण बताओ नोटिस... हाईकोर्ट में सरकार बोली- 4 ही मरे

**इंदौर।** इंदौर में दूषित पानी पीने से 15 लोगों की मौत और 200 से अधिक लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की घटना ने शहर में हड़कंप मचा दिया है। कई अन्य लोग भी बीमार पड़े हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने उच्च स्तरीय जांच टीम का गठन किया है। इस गंभीर घटना को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर नगर निगम आयुक्त से जवाब मांगा है। इस घटना को लेकर इंदौर नगर निगम आयुक्त दिलीप यादव और अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अपर आयुक्त सिसोनिया को तत्काल इंदौर से हटाने और प्रभारी अधीक्षण यंत्री संजीव श्रीवास्तव से जल वितरण कार्य विभाग का प्रभार वापस लेने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, इंचार्ज सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर संजीव श्रीवास्तव से जल वितरण कार्य विभाग का प्रभार वापस ले लिया है। सरकार की इस कार्रवाई पर लोगों का कहना है कि छोटे अफसरों पर कार्रवाई कर सरकार खानापूर्ति कर रही है। इस मामले में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्य मित्र भार्गवऔर पार्षद कमल वाघेला पर आंच कब आएगी।

इससे पहले, शुक्रवार को मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी स्टेटस रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश कर दी, इसमें पानी से सिर्फ 4 मौत होने की बात कही है। सरकार की रिपोर्ट तब आई, जब मृतकों के परिजन और अस्पतालों के जरिए 15 मौतों की जानकारी सामने आ चुकी है। सभी को उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। कुछ को बुखार भी था। इनमें 5 महीने के मासूम बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। लोगों ने बार-बार गंदे, बदबूदार पानी की शिकायत की - फिर भी सुनवाई क्यों नहीं हुई? सीवर पीने के पानी में कैसे मिला? समय रहते सप्लाई बंद क्यों नहीं हुई? जिम्मेदार अफसरों और नेताओं पर कार्रवाई कब होगी? ये 'फोकट' सवाल नहीं- ये जवाबदेही की मांग है।

इंदौर के सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हसानी ने बताया कि पानी को लेकर अब तक दो जांच रिपोर्ट आई है। इसमें बताया गया कि यह पानी पीने योग्य नहीं है। सैंपल में फीकल कॉलिफॉर्म, ई-कोलाई, विब्रियो और प्रोटोजोआ जैसे खतरनाक बैक्टीरिया पाए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक पानी में हैजा फैलाने वाला विब्रियो कोलेरी भी मिला है, लेकिन सरकारी तंत्र इसे अब भी प्रारंभिक रिपोर्ट कहकर टाल रहा है। नगर निगम ने भी खुद की लैब में करीब 80 सैंपल्स भेजे थे। जांच रिपोर्ट में इन सैंपल्स को 'अनसेटिस्फेक्ट्री' बताया गया है। भागीरथपुरा से लिए गए पानी के सैंपल पीने और अन्य घरेलू उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं था। हालांकि दोनों रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है। अफसरों ने बताया कि भागीरथपुरा में एक पुलिस चौकी के पास मुख्य पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन में रिसाव पाया गया है।



### एनएचआरसी ने मांगी मुख्य सचिव से रिपोर्ट

हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 6 जनवरी तय की है। वहीं, इंटर विनर (हस्तक्षेप कर्ता) गोविंद सिंह बैस की ओर से मीडिया में रिपोर्ट पब्लिश करने पर रोक लगाने की मांग की गई। इस पर कोर्ट ने कोई टिप्पणी नहीं की। इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसके लिए दो सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मांगी रिपोर्ट

दूषित पानी की आपूर्ति से कई लोगों की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने इस गंभीर मामले को मानवाधिकार उल्लंघन से जोड़ते हुए मध्यप्रदेश सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अपने बयान में कहा है कि रिपोर्ट के अनुसार भगीरथपुरा इलाके के निवासी कई दिनों से दूषित पानी की आपूर्ति की शिकायत कर रहे थे, लेकिन इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आयोग ने इस मामले में मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव को नोटिस जारी करते हुए दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### इंदौर में पानी नहीं, जहर बंटा: राहुल गांधी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- इंदौर में पानी नहीं, जहर बंटा और प्रशासन



कुंभकर्णी नींद में रहा। घर-घर मातम है, गरीब बेबस हैं और ऊपर से भाजपा नेताओं के अहंकारी बयान। जिनके घरों में चूल्हा बुझा है, उन्हें सांत्वना चाहिए थी, सरकार ने घमंड परोस दिया। राहुल ने लिखा- साफ पानी अहसान नहीं, जीवन का अधिकार है। और इस अधिकार की हत्या के लिए भाजपा का डबल इंजन, उसका लापरवाह प्रशासन और संवेदनहीन नेतृत्व पूरी तरह जिम्मेदार है। मध्यप्रदेश अब कुप्रशासन का एपिसेंटर बन चुका है।

### मोदीजी हमेशा की तरह मौतों पर मौन हैं: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा- जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान का ढिंढोरा



पीटने वाले नरेंद्र मोदी जी, हमेशा की तरह इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर मौन हैं। यह वही इंदौर शहर है जिसने केंद्र सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण में लगातार आठवीं बार सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीता है। ये शर्मनाक बात है कि यहां पर भाजपा के निकम्मेपन के चलते लोग साफ पानी के मोहताज हैं। 11 साल से देश केवल लंबे-चौड़े भाषण, झूठ-प्रपंच, खोखले दावे, डबल-इंजन की डींगें सुन रहा है। जब मंत्री जी से सवाल पूछा जाता है तो वो गाली-गलौज पर उतर आते हैं।

### जिंदगी की कीमत दो लाख नहीं होती: उमा भारत

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने प्रदेश सरकार पर तीखी आलोचना की। उमा भारती ने कहा कि साल 2025 के अंत में



इंदौर में गंदे पानी पीने से हुई मौतें पूरे प्रदेश, सरकार और व्यवस्था के लिए शर्मनाक और कलंकित करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर का अवार्ड प्राप्त करने वाले नगर में इतनी बदसूरती और गंदगी होना और जहर मिला पानी पीकर कितनी जिंदगियां खत्म हो गई और अब भी मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है, यह स्वीकार्य नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि जिंदगी की कीमत दो लाख रुपए नहीं होती क्योंकि मृतकों के परिजन जीवन भर दुख में डूबे रहते हैं।



# राजस्थान के 20 जिलों में मावठा, मुंबई में भी बारिश

## मप्र-तेलंगाना समेत 15 राज्यों में घना कोहरा, उत्तराखंड में पहली बर्फबारी

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** नए साल के पहले दिन से ही राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात के कई जिलों में बारिश हुई है। तमिलनाडु, दिल्ली-मुंबई में भी बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई। राजस्थान के 20 जिलों में मावठा और बीकानेर में आधे घंटे तक ओले गिरे। जयपुर में पारा 5ए पहुंच गया। मैदानों के मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार, झारखंड, दिल्ली, छत्तीसगढ़, तेलंगाना समेत 15 राज्यों में घना कोहरा है। यूपी के कानपुर में विजिबिलिटी जीरो हो गई है। उत्तराखंड के चमोली जिले की नीति घाटी में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। आज 4 जिलों में बर्फबारी का अलर्ट है। उधर, जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग, पहलगाम और गुलमर्ग ने बर्फबारी जारी है। कश्मीर घाटी को जम्मू क्षेत्र से जोडने़ वाली मुगल रोड और सिंथन टॉप रोड को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीते 24 घंटे के दौरान बर्फबारी हुई है। लाहौल स्पीति के कोकसर, सिस्सू, रोहतांग, कुंजम, शिंकुला दर्रा, बारालाचा व अटल टनल रोहतांग के अलावा चंबा के जोत व मणिमहेश, शिमला के कुफरी व नारकंडा और कुल्लू के सोलंग नाला में भी बर्फ के फाहे गिरे। वहीं ऊना में 2.2 मिलीमीटर और हमीरपुर के नेरी में 2.5 मिलीमीटर बारिश हुई है।

# देश को एक और अखंड बनाने में सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय

## सरदार पटेल अमर रहे के नारे के बीच मुख्यमंत्री ने किया प्रतिमा का अनावरण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखंड भारत के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान का स्मरण करते हुये कहा कि सरदार पटेल ऐसे नेता थे, जिनका जीवन हमें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज जबलपुर में विजय नगर स्थित सरदार पटेल उद्यान में नगर निगम द्वारा स्थापित देश के पहले गृह मंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में सरदार पटेल अमर रहे के गगनभेदी नारों के बीच उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक नीरज सिंह, क्षेत्रीय पार्षद कमलेश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष विनोद गोंटिया इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरदार पटेल की दृढ़ इच्छा शक्ति ही थी जिससे आजादी के बाद रियासतों का देश में विलय हुआ।उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार और धारा 370 को लेकर पंडित जवाहरलाल नेहरू से उनके मतभेदों को लेकर भी सरदार पटेल को हमेशा याद किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने गुजरात के केवडिया में सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा स्थापित कर देशवासियों को उनके जीवन और विचारों को जानने तथा उनसे प्रेरणा लेने का अवसर देने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी जताया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सरदार पटेल की प्रतिमा के अनावरण पर जबलपुर के सभी नागरिकों तथा कुर्मी क्षत्रिय समाज को बधाई दी। उन्होंने प्रतिमा की स्थापना के लिये लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक डॉ अभिलाष पांडे एवं अशोक रोहाणी के प्रयासों की सराहना की।

समारोह के प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष विवेक चौधरी, युवा संगठन के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पटेल, महासचिव ओमप्रकाश सचान, समन्वयक रंजीत पटेल, आशीष पटेल एवं शिव पटेल ने स्वागत किया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा पटेल भी इस अवसर पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सरदार पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मुख्यमंत्री को राधा-कृष्ण की मूर्ति भेंट की।

# आरजीपीवी में गड़बड़ियों के साए के बाद नए कुलपति की तलाश

## राजभवन ने शुरू की आवेदन प्रक्रिया

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में लंबे समय से चल रहे विवादों और गड़बड़ियों के आरोपों के बाद अब नए कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू कर दी गई है। राजभवन की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार कुलपति पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 10 फरवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। दरअसल, आरजीपीवी हाल के वर्षों में लगातार विवादों में रहा है।

विश्वविद्यालय के प्रशासन, वित्तीय लेनदेन और शैक्षणिक प्रक्रियाओं को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इन्हीं आरोपों के बीच हाल ही में कुलपति ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसे राज्यपाल ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद से विश्वविद्यालय का प्रशासन अस्थायी व्यवस्था के सहारे संचालित हो रहा है। दरअसल, कुलपति के खिलाफ विश्वविद्यालय की आंतरिक कार्यप्रणाली, मूल्यांकन प्रक्रिया और प्रशासनिक फैसलों को लेकर गंभीर आपत्तियां सामने आई थीं। छात्र संगठनों ने इन मुद्दों को लेकर विरोध दर्ज कराया था। बढ़ते दबाव और विवाद की स्थिति को देखते हुए कुलपति ने पद छोड़ना उचित समझा।




### सरकार और राजभवन दोनों ही बेहद सतर्क

गौरतलब है कि आरजीपीवी प्रदेश का सबसे बड़ा तकनीकी विश्वविद्यालय है, जिससे सैकड़ों इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थान जुड़े हुए हैं। ऐसे में कुलपति की नियुक्ति को लेकर सरकार और राजभवन दोनों ही बेहद सतर्क नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि नए कुलपति के सामने विश्वविद्यालय की छवि सुधारने, प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने और शैक्षणिक गुणवत्ता को मजबूत करने की बड़ी चुनौती होगी।

इसके बाद उच्च स्तर पर यह निर्णय लिया गया कि नए कुलपति की नियुक्ति पारदर्शी प्रक्रिया के तहत की जाए। राजभवन की अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि कुलपति की नियुक्ति राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम 1998 के तहत गठित चयन समिति की अनुशंसा पर राज्यपाल द्वारा की जाएगी। नियुक्त कुलपति का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से चार वर्ष का होगा।अधिसूचना के मुताबिक कुलपति विश्वविद्यालय का सर्वोच्च शैक्षणिक और प्रशासनिक अधिकारी होगा। ऐसे में अभ्यर्थी से उच्च कोटि की शैक्षणिक योग्यता, मजबूत प्रशासनिक अनुभव, सत्यनिष्ठा, नैतिकता और संस्थागत प्रतिबद्धता की अपेक्षा की गई है।

### आवेदन प्रक्रिया दो चरणों में होगी पूरी

आवेदन के साथ उम्मीदवार को अपने शैक्षणिक, प्रशासनिक और शोध करियर का विस्तृत विवरण देना होगा। इसके अलावा यह घोषणा भी अनिवार्य होगी कि अभ्यर्थी के विरुद्ध लोकायुक्त, आर्थिक अपराध शाखा या किसी अन्य एजेंसी में किसी प्रकार की जांच या आपराधिक मामला लंबित नहीं है। वर्तमान में सेवा में कार्यरत अभ्यर्थियों को अपने नियुक्तिकर्ता से यह प्रमाण पत्र भी देना होगा कि उनके खिलाफ कोई विभागीय जांच लंबित नहीं है। आवेदन प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। पहले चरण में ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरे चरण में ऑनलाइन आवेदन की प्रति, जीवनवृत्त और सभी आवश्यक दस्तावेज पंजीकृत या स्पीड पोस्ट के माध्यम से राजभवन भेजने होंगे। बिना ऑनलाइन आवेदन के प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किए जाने की बात अधिसूचना में साफ तौर पर कही गई है।

# सायबरफ्रॉड करने वालों पर मप्र पुलिस का कड़ा प्रहार

## सायबर फ्रॉड राशि को होल्ड कराने में मप्र देश में अब 6 वें स्थान पर आया



**भोपाल।** वर्ष-2025 में सायबरवित्तीय फ्रॉड से संबंधित 55659 शिकायतें प्राप्त हुई, उक्त शिकायतों पर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए फ्रॉड की राशि 581 करोड़ में से 137 करोड़ से अधिक की राशि को होल्ड करायागया। वर्ष-2024 में सायबरवित्तीय फ्रॉड से संबंधित 58643 शिकायतें प्राप्त हुई, उक्त शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए फ्रॉड की राशि में से लगभग 47 करोड़ की राशि को होल्ड कराया गया था।

वर्ष 2024 में प्रदेश 22वें स्थान पर था, निरंतर प्रयासों का नतीजा है की मध्यप्रदेश राज्य देश में साइबर फाइनेंसियल फ्रॉड के विरुद्ध फ्रॉड राशि को होल्ड/फ्रिज करने में हरियाणा, त्रिपुरा, गुजरात, दिल्ली एवं राजस्थान के बाद 6वें स्थान पहुँच गया है। मध्यप्रदेश सायबर पुलिसएवं ज़िला पुलिस द्वारा किये गए नवाचार व महत्वपूर्ण कार्य :

### जागरूकता कार्यक्रम

मध्यप्रदेश सायबर पुलिस द्वारा वर्ष-2017 से 2025 के दौरान 26200ऑनलाइन व ऑफलाइन सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 21 करोड से अधिक नागरिकों को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक बनाया।

"SAFE CLICK" Cyber Awareness Campaign-दिनांक 01 फरवरी से 11 फरवरी 2025 तक संपूर्ण मध्यप्रदेश में "SAFE CLICK" Cyber Awareness Campaign चलाया गया। उक्तसेफ क्लिक अभियान मप्र पुलिस द्वारा भौतिक रूप से 13 लाख से अधिक नागरिकों को एवं डिजीटल प्लेटफार्म के माध्यम से 20 लाख से अधिक नागरिकों को सायबर सेफटी के प्रति जागरूक किया गया।

## केंद्र शासन के अधिकारियों के साथ भोपाल में हुई बैठक

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सौर ऊर्जा संयंत्रों में लगातार होगी वृद्धि : एसीएस श्रीवास्तव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में किए जा रहे कार्यों से भविष्य में सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांप्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रदेश में बेहतर एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने योजना की प्रगति की समीक्षा एवं भविष्य की रणनीति को लेकर शुक्रवार को मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम, भोपाल में हुई महत्वपूर्ण बैठक में यह बातें कही। एमडी ऊर्जा विकास निगम अमनबीर सिंह बैंस बताया कि प्रदेश में अब तक 83,330 घरों में सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की जा चुकी है। वर्तमान में मध्यप्रदेश में लगभग 1150 वेन्डर्स सौर संयंत्र स्थापना के कार्य में सक्रिय रूप से संलग्न हैं। घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान को और तेज किए जाने पर भी सहमति बनी। बैठक में सौर संयंत्रों की स्थापना के दौरान आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों एवं उनके संभावित समाधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। वेन्डर्स, बैंकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा घरेलू क्षेत्रों में सौर संयंत्र स्थापना के 6 लाख के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में विश्वास व्यक्त किया गया कि शासन स्तर पर किए जा रहे सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप आने वाले समय मे यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही आम नागरिकों को सस्ती और स्वच्छ बिजली उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक में भारत सरकार के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी जे.के. जेठानी (सीनियर डायरेक्टर), अनुभव उप्पल (साइंटिस्ट-डी), मनीष सिंह बिष्ट (साइंटिस्ट-डी), सुभन खान (कंसल्टेंट, क्क्रू) सहित तीनों विद्युत वितरण कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, ऋश्वष्ट लिमिटेड, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, वेन्डर्स एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# इंदौर के बाद भी भोपाल बीएमसी सुस्त

## पानी की सैंपलिंग पर महापौर खुद अनजान,15 प्लांट 4 केमिस्ट के भरोसे

**भोपाल।** इंदौर में दूषित पानी से हुई गंभीर घटना के बाद जहां पूरे प्रदेश में सतर्कता बरती जा रही है, वहीं राजधानी भोपाल में पेयजल की जांच और सैंपलिंग व्यवस्था को लेकर नगर निगम की सुस्ती सामने आ रही है। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे मामले में महापौर मालती राय खुद भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहीं। शहर में मौजूद 15 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से करीब 30 लाख लोगों को पानी सप्लाई किया



# यूक्रेन ने नहीं किया ड्रोन अटैक

## पुतिन के दावों की निकल गई हवा, अमेरिका को नहीं मिले हमले के सबूत



रूस और यूक्रेन में गहमागहमी जारी है. रूस ने सोमवार को ये आरोप लगाया था कि यूक्रेन ने मॉस्को में मौजूद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतीन के घर को निशाना बनाया था. रूस ने कहा कि पुतिन के घर पर 91 ड्रोनों से हमला किया गया था. लेकिन अब इस मामले में नया ट्विस्ट आया है।

### अमेरिका की CIA रिपोर्ट ने इस दावे को गलत ठहराया है.

अमेरिका ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यूक्रेन ने राष्ट्रपति पुतिन के घर पर ड्रोन अटैक की कोशिश नहीं की. रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका सुरक्षा अधिकारियों को पुतिन या उनके घर पर हमले का कोई सबूत नहीं मिला है. पुतिन ने खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन करके हमले की जानकारी दी थी. लेकिन अमेरिका ने जब इस बात की जांच की तो उन्हें ऐसा कुछ नहीं मिला।

### यूक्रेन ने हमले से किया था इनकार

रूस ने सोमवार को कहा था कि यूक्रेन ने राष्ट्रपित पुतिन के घर पर हमला करने की कोशिश की. जब पुतिन ने फोन पर ट्रंप को इस हमले की जानकारी दी तो वो काफी नाराज हुए थे. यूक्रेन से जब इस बारे में पूछा गया तो उसने हमले से साफ मना कर दिया. जब सीआईए ने पुतिन के दावे की जांच की तो सारा मामला साफ हो गया. सूत्रों के मुताबिक CIA प्रमुख जॉन रैटक्लिफ ने पहले ही ट्रंप से कहा था कि उन्हें यकीन नहीं है कि पुतिन के घर पर हमला हुआ है।

### क्रेमलिन के पास हमले का सबूत नहीं

राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था जिसमें लिखा था कि पुतिन का उनके घर पर हुआ हमला दिखावटी है और रूस ही शांति के रास्ते में अड़चन पैदा कर रहा है. वहीं रुसी राष्ट्रपति हेडक्वार्टर क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि फिलहाल उनके पास इस हमले का कोई सबूत नहीं है, लेकिन मीडिया को उनकी बात पर भरोसा करना चाहिए. क्रेमलिन के बयान पर CIA किसी भी तरह की टिप्पणी देने से बच रही है.दरअसल अमेरिका लगातार ये कह रहा है कि वो रूस यूक्रेन युद्ध को खत्म करना चाहता है. इसी सिलसिले में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से ट्रंप की मुलाकात भी हुई है. जेलेंस्की खुद भी शांति समझौता चाहते हैं. लेकिन रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने हमले की जो बात कही, उसे झूठा दावा कहा जा रहा है।

